प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए पेश किया 8 लाख 8 हजार 736 करोड 6 लाख रुपये का बजट : कहा– अनुसंधान, विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर दिया गया है विशेष ध्यान।
2. बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर 22 प्रतिशत, शिक्षा पर 13 प्रतिशत और कृषि के लिये 11 प्रतिशत बजट आवंटित।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है यह बजट।

और

4. प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी : जिले में कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में 26 फरवरी तक ऑनलाइन चलाई जायेंगी कक्षाएं।

————————

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 8 लाख 8 हजार सात सौ छत्तीस करोड 6 लाख रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट विधानसभा में पेश किया। बजट में राजस्व व्यय के लिए लगभग 5 लाख 83 हजार एक सौ चौहत्तर करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय के लिए करीब 2 लाख 25 हजार पांच सौ इकसठ करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया है। बजट में नए व्यय

मदां के लिए लगभग 28 हजार चार सौ अट्ठहत्तर करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में अनुसंधान, विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष 2024—25 के बजट से 9 दशमलव 8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। बाइट.....

*बजट का आकार आठ लाख आठ हज़ार सात सौ छत्तीस करोड़ छह लाख रुपये है, जो वर्ष 24—25 के बजट से नौ पॉइंट आठ प्रतिशत अधिक है मूल बजट से। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग बीस पॉइंट पाँच प्रतिशत है। इस बजट में अवस्थापना विकास हेतु बाईस प्रतिशत, शिक्षा हेतु तेरह प्रतिशत, कृषि और संबद्ध सेवाओं के हेतु ग्यारह प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यक्रमों हेतु चार प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। हमने बजट में शोध एवं विकास तथा सूचना और प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान दिया है।*

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। पेश है एक रिपोट.

*वर्ष 2025 26 के बजट में राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक का प्रदेश सरकार के लक्ष्य के दृदृष्टिगत प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के विकास के लिये 200 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार ने 'जीरो पॉवर्टी अभियान' शुरू किया है। बाइट.....*

*दो अक्टूबर दो हज़ार चौबीस से जीरो पॉवर्टी अभियान का प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए और उनकी वार्षिक आय कम से कम एक लाख पच्चीस हज़ार रुपए के स्तर तक लाए जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। महिला एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में छियानवे लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। बजट में वित्त*

*मंत्री सुरेश खन्ना ने किसानों के उत्थान को लेकर सरकार के प्रयासों को बताया। बाइट.....*

*प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग तीन करोड़ कृषकों को लगभग उन्यासी हज़ार पाँच सौ करोड़ रूपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष दो हज़ार चौबीस पच्चीस में लगभग दस लाख बीमित कृषकों को लगभग चार सौ छियानवे करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान कराया गया है। बजट में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के संचालन हेतु 600 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

---

**सरकार ने बजट 2025–26 में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण का निर्णय लिया है। इसके तहत, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से गंगा एक्सप्रेस–वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रूखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। साथ ही राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी भी विकसित करेगी और साइबर सुरक्षा में तकनीकी अनुसंधान के लिए एक पार्क स्थापित करेगी।**

**उधर, विधान परिषद में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार का बजट प्रस्तुत किया।**

---

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु**

सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। बाइट.....

*और दो हज़ार पच्चीस छब्बीस का जो बजट है। यह भारत की सनातन संस्कृति को समर्पित सर्वे भवन्तु सुखिना की अवधारणा पर गरीब अन्नदाता किसान, युवा महिला के उत्थान को समर्पित है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी का विजन जिसमें वंचित को वरीयता यानी वंचित को वरीयता या उसका एक थीम है, उसका केंद्रीय भाव है, इसको समर्पित है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ बताया, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट को निराशाजनक करार दिया। बाइट......

*जिस सरकार के पिछले कई बजटों को अगर हम देखे तो यह जो बजट है इनके घोषणा पत्र से कोई तालमेल नहीं बनता है इनका इस बजट*

*का और इससे पहले बजट का कोई फोकस नहीं रहा बिना विजन के बजट आए हैं।*

**बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार का यह बजट मध्यम वर्ग का तुष्टीकरण करने वाला है।**

———————

**बजट का लेकर प्रदेश के नागरिकों की तरफ से भी प्रतिक्रियाएं आई हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर अरविन्द मोहन ने बजट को प्रदेश के विकास को गति देने वाला बताया है। बाइट.....**

*सबसे ज्यादा लोकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया गया है जैसे रोड्स हैं, हाईवेज हैं, एक्सप्रेस वेज हैं, ऊर्जा है खास तौर पर सोलर एनर्जी पर बहुत फोकस है। जल उपलब्ध कराने पर चाहे वो सिंचाई के लिए हो या पीने के लिए ये मजोर फोकस दिखाई पड़ रहा है। बजट अच्छा है इसका जीडीपी पर निश्चित तौर पर असर पडेगा पॉजिटिव असर पड़ेगा।*

**बजट में रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत कालेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किये जाने के लिये 400 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इस प्रस्ताव को लेकर जौनपुर की छात्राओं ने सरकार की प्रशंसा की। बाइट.....**

*उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हम छात्राओं को बड़ी स्वागत दी है। रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अंतर्गत मेधावी छात्र को स्कूटी प्रदान किए जाने हेतु चार सौ करोड़ के बजट प्रस्तावित की है जिससे हम बहुत ही प्रसन्न है।*

———————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ0 एल. मुरुगन ने आज आकाशवाणी केंद्र गोरखपुर का दौरा किया। उन्होंने केंद्र की साफ सफाई, प्रसारण और स्टूडियो समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

——————

प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। अब तक 57 करोड़ से अधिक लोग संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ 15 लाख से श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई। इसी क्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज प्रयागराज में अक्षयवट और सरस्वती कूप का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि अक्षयवट अनंतकाल से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है।

श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज जिलाधिकारी ने जिले में कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में 26 फरवरी तक ऑनलाइन शिक्षण कार्य संचालित करने का निर्देश दिया है।

——————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे । इस दौरान श्री गांधी ने छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रो के साथ राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर चर्चा की। इससे पूर्व उन्होंन बछरावां में

कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री गांधी ने हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

———————

प्रदेश में अलग–अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं मं 11 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में कल देर रात दो जगह हुए मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 लोग घायल हुए ह। ये सभी श्रद्धालु काशी विश्वनाथ और रामलला के दर्शन के लिये जा रहे थे। उधर, मिर्जापुर जिले में कार और बस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए हैं।

———————

प्रदेश के कई जिलों मे आज रूक–रूक कर हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और कई इलाकों में ठंड में भी बढ़ोत्तरी हुई। राज्य के एटा, फरुखाबाद, बदायूं, शामली जौनपुर में दिनभर रूक–रूक कर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों के लिए आज गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कल मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कहीं कहीं हल्का कोहरा छाने की संभावना है।

(समाप्त)